हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी

**अनमोल वचन**
घमंड ना करना जिंदगी में, तकदीर बदलती रहती है, आईना वही रहता है, तस्वीर बदलती रहती है।

शनिवार 23 मई 2026 बर्ष 02 अंक 136 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

# तेज आंधी और बारिश से राजगीर मलमास मेला में भारी तबाही, कई पंडाल गिरे, बिजली व्यवस्था ध्वस्त

## राहत और बचाव कार्य में जुटा प्रशासन, आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** विश्व प्रसिद्ध राजगीर मलमास मेला में शुक्रवार की शाम अचानक आए तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचा दी। प्राकृतिक आपदा के चलते मेला क्षेत्र में कई पंडाल, तोरण द्वार और अस्थायी संरचनाएं धराशायी हो गईं। वहीं बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने से पूरा मेला क्षेत्र देर शाम अंधेरे में डूब गया।

**मेडिकल कैंप पर गिरा विशाल पेड़, बाल–बाल बचे स्वास्थ्यकर्मी**

सबसे भयावह घटना ब्रह्मकुंड निकास द्वार के समीप बने मेडिकल कैंप में हुई, जहां तेज आंधी के दौरान एक विशाल पेड़ कैंप के ऊपर गिर पड़ा। हालांकि खतरे को भांपते हुए वहां मौजूद स्वास्थ्यकर्मी समय रहते कैंप से बाहर निकल गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

**बिजली गुल होने से बंद पड़े झूले और मनोरंजन साधन**

आंधी की चपेट में आने से मेला क्षेत्र के कई बिजली पोल टूट गए, जिससे पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। शाम ढलते ही मेला क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। बिजली नहीं रहने के कारण मेले के मुख्य आकर्षण झूले, मौत का कुआं, सर्कस और अन्य मनोरंजन साधनों को बंद करना पड़ा। इससे घूमने आए बच्चों और पर्यटकों में भारी मायूसी देखी गई।

**आंधी में झुक गया अस्थायी श्रीराम मंदिर**

कुदरत के इस कहर से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र भी अछूता नहीं रहा। मेला परिसर में स्थापित अस्थायी श्रीराम मंदिर का ढांचा तेज हवा का दबाव नहीं झेल सका और पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर करीब 90 डिग्री तक झुक गया। मंदिर को झुकता देख वहां मौजूद श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए आसपास के क्षेत्र को खाली कराया और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा। तेज आंधी के कारण मेला क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर पेड़, बांस–बल्लियां और टेंट सामग्री गिर गई, जिससे घंटों तक आवागमन प्रभावित रहा। ब्रह्मकुंड के समीप राजीव पथ क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान देखा गया। कई जगहों पर जाम जैसी स्थिति बनी रही।



घटना के बाद नगर परिषद, बिजली विभाग और जिला प्रशासन की टीमें युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं। देर रात तक गिरे पेड़ों और मलबे को हटाने तथा बिजली व्यवस्था बहाल करने का कार्य चलता रहा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।



**आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत**

इधर शुक्रवार शाम राजगीर थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। घटना पंडितपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या–7 स्थित बधार की बताई जा रही है। मृतक की पहचान बद्री यादव के 38 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि राकेश कुमार शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे बधार में अपनी भैंस चरा रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हुआ और आकाशीय बिजली उनके ऊपर गिर गई। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

# भीषण गर्मी को लेकर नालंदा में स्कूलों के समय में बदलाव, डीएम ने जारी किया आदेश



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कुंदन कुमार ने छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा–163 के तहत नालंदा जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, प्री–स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्ग 05 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं वर्ग 06 से वर्ग 08 तक की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाह्न 10:30 बजे के बाद रोक लगाने का आदेश दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार सभी विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे उक्त आदेश के अनुरूप अपने शैक्षणिक कार्यक्रम एवं समय–सारिणी को पुनर्निर्धारित करें, ताकि बच्चों को भीषण गर्मी से बचाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान मौसम की स्थिति को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभा. वना है। ऐसे में एहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। यह आदेश दिनांक 23 मई 2026 से 26 मई 2026 तक प्रभावी रहेगा।

# मलमास मेला में दिव्यांग और वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए आपदा मित्र बने सहारा, व्हीलचेयर से पहुंचा रहे ब्रह्मकुंड



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** ऐतिहासिक मलमास मेला के दौरान ब्रह्मकुंड में स्नान करने आने वाले दिव्यांगजन, वृद्ध महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र में तैनात आपदा मित्र पूरी निष्ठा और सेवा–भाव के साथ व्हीलचेयर के माध्यम से श्रद्धालुओं को ब्रह्मकुंड तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को स्नान स्थल तक सुरक्षित पहुंचाने और वापस लाने में आपदा मित्र लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस व्यवस्था से विशेष रूप से बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं को काफी राहत मिल रही है।जिला प्रशासन का कहना है कि मलमास मेला में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं सहयोग उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं ने भी जिला प्रशासन एवं आपदा मित्रों की इस मानवीय पहल की सराहना की है।

# हरनौत में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की नई शाखा का शुभारंभ

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत के पटेल नगर मोहल्ला में गुरुवार को प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की नई सहयोगी शाखा का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, महिलाओं एवं युवाओं ने भाग लिया। शाखा का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, अंचलाधिकारी पूजा कुमारी, थानाध्यक्ष इंस्पे. क्टर मुकेश कुमार वर्मा तथा जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष रविकांत कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक और शांतिमय बना रहा। उद्घाटन के बाद अतिथियों का स्वागत ओम शांति की चादर ओढ़ाकर, तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर किया गया। इस दौरान ब्रह्मकुमारी संस्था से जुड़ी बहनों ने संस्था के उद्देश्यों और समाज में उसके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि आज के समय में समाज को सबसे अधिक शांति, प्रेम, भाईचारे और नैतिक मूल्यों की जरूरत है। वर्तमान दौर में बढ़ते तनाव, आपसी वैमनस्य, भ्रष्टाचार और अनै. तिकता के कारण लोगों का जीवन अशांत होता जा रहा है।



ऐसे माहौल में ब्रह्मकुमारी संस्था लोगों को आध्यात्मिक मार्ग दिखाकर सकारात्मक सोच विकसित करने का कार्य कर रही है।अतिथियों ने कहा कि इस नई शाखा के खुलने से स्थानीय लोगों को आध्यात्मिक शिक्षा, ध्यान और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। यहां लोग मानसिक शांति प्राप्त करने के साथ–साथ बुराइयों से दूर रहने और बेहतर जीवन जीने की कला सीख सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आध्यात्मिक केंद्र समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी नई शाखा खुलने पर खुशी जताई और कहा कि इससे इलाके में आध्यात्मिक वातावरण मजबूत होगा। इस मौके पर चेरो निवासी राजेश कुमार समेत दर्जनों गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।



# मलमास मेला में ड्यूटी से गायब मिले कई पदाधिकारी–कर्मी, डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** राजगीर में आयोजित मलमास मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विधि–व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। दिनांक 20 मई 2026 की देर रात कुंदन कुमार ने ब्रह्मकुंड परिसर, आवासन स्थलों तथा संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच भी की गई। निरीक्षण के क्रम में कई पदाधिकारी एवं कर्मी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल से अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए जाने वालों में सुश्री कविता कुमारी (बाल विकास परियोजना पदाधिक. ारी, एकंगरसराय), सुश्री शाम्भवी (सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, चंडी), श्री धर्म कुमार गौतम (उद्योग विस्तार पदाधिकारी, नालंदा), श्रीमती निहारिका (प्रखंड आपूर्ति पदाधिक. ारी, वेन), श्रीमती कुमारी पुष्पा (प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, नगरनौसा), श्री बलिन्द्र साह (सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अवर प्रमंडल, चंडी), सुश्री संकल्पिता साह (सहायक तकनीकी प्रबंधक, आत्मा, नूरसराय), श्री आनंद कुमार (कार्यक्रम पदा. धिकारी, मनरेगा, हरनौत), श्री सुप्रिया भारती (प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, आत्मा, नूरसराय), श्रीमती नीती कुमारी (प्रखंड समन्वयक, आईसीडीएस, रहुई), श्री संजय कुमार (प्रखंड समन्वयक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, सिलाव), श्री ललन प्रसाद (पंचायत रोजगार सेवक, चेरन, हरनौत) एवं श्री मनोज कुमार (पंचायत रोजगार सेवक, बेलछी, चंडी) शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवामुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश भी दिया गया है। डीएम ने स्पष्ट कहा कि मलमास मेला में विधि–व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले




निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी आवासन स्थलों पर जाकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।मेला क्षेत्र में प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। आपदा मित्रों द्वारा वृद्ध श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर से ब्रह्मकुंड तक पहुंचाकर स्नान कराया जा रहा है।





कर्मियों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं ब्रह्मकुंड में स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को सीढ़ियों से उतरने और वापस लौटने में भी आपदा मित्र, दंडाधिकारी एवं पुलिस बल सहयोग कर रहे हैं। जिग–जैग कतार में खड़े श्रद्धालुओं को पानी पिलाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही गर्मी से राहत देने के लिए मिस्ट कूलर, मिस्ट फैन एवं मिस्ट स्प्रे लगाए गए हैं। एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित भक्ति गीत श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। गौरतलब है कि राजगीर मलमास मेला 17 मई 2026 से प्रारंभ हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसकी श्रद्धालु सराहना भी कर रहे हैं। मेला समाप्ति तक व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन लगातार निरीक्षण कर रहा है। इस अवसर पर नगर आयुक्त नगर निगम बिहारशरीफ, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर सहित कई वरीय दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य खाद्य निगम कार्यालय को चाहिए व्यवसायिक स्कॉर्पियो, जारी की गई शर्तें

**केशववाणी बिहारशरीफ(नालंदा)।** राज्य खाद्य निगम कार्यालय, नालंदा द्वारा मासिक दर पर एक व्यवसायिक स्कॉर्पियो वाहन उपलब्ध कराने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। कार्यालय की ओर से वाहन उपलब्ध कराने हेतु कई शर्तें निर्धारित की गई हैं। जारी सूचना के अनुसार वाहन का मासिक भुगतान ₹38,500 निर्धारित किया गया है, जिसमें 1500 किलोम. ीटर तक की दूरी शामिल होगी। वाहन चालक एवं ईंधन सहित उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। साथ ही चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है। कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि वाहन का व्यवसायिक निबंधन होना चाहिए तथा वाहन का मॉडल वर्ष 2020 से पुराना नहीं होना चाहिए। वाहन अच्छी स्थिति में होना आवश्यक है। इसके अलावा बीमा, रोड टैक्स, फिटनेस एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र को अद्यतन रखना भी अनिवार्य होगा।. वाहन के रख–रखाव, साफ–सफाई एवं अन्य मेंटेनेंस की जिम्मेदारी वाहन मालिक की होगी। वहीं चोरी, दुर्घटना अथवा अन्य किसी प्रकार की क्षति होने पर वाहन मालिक एवं चालक जिम्मेदार होंगे। सूचना में यह भी कहा गया है कि नियमानुसार 2 प्रतिशत आयकर की कटौती कार्यालय द्वारा की जाएगी। आवश्यकता अनुसार वाहन का एकरारनामा किया जाएगा तथा सेवा शर्तों के अनुरूप कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कार्यालय को बिना कारण बताए अनुबंध समाप्त करने का अधिकार होगा। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सुझाव के लिए इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नंबर 9572836030 एवं 6205599568 पर संपर्क कर सकते हैं।

# हल्की बारिश में खुली राजगीर मलमास मेला की व्यवस्था , अनुमंडल कार्यालय के पास गिरा तोरण द्वार




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता,राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजगीर मलमास मेला में हल्की बारिश और तेज हवा के झोंके ने मेला प्रशासन की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। अनुमंडल कार्यालय के समीप लगाया गया एक विशाल तोरण द्वार अचानक धराशायी हो गया। गनीमत रही कि उस समय मार्ग से गुजर रहे वाहन और राहगीर बाल–बाल बच गए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों के अनुसार मेला क्षेत्र में कई स्थानों पर आकर्षक तोरण द्वार लगाए गए हैं, लेकिन सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि तोरण द्वार को मजबूती देने के लिए बांस को जितनी गहराई तक जमीन में गाड़ा जाना चाहिए था, उतना नहीं गाड़ा गया। इसी लापरवाही के कारण हल्की बारिश और हवा के दबाव में तोरण द्वार गिर पड़ा। घटना के बाद भी प्रशासन की ओर से मौके पर कोई विशेष सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। हैरानी की बात यह रही कि तोरण द्वार गिरने के बाद भी उसी मार्ग पर वाहनों का परिचालन जारी रहा, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। मेला में पहुंचे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, कमजोर तोरण द्वारों की जांच कराने तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को सुरक्षित करने की मांग की है।

# बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत जिला पदाधिकारी नालंदा द्वारा द्वितीय अपील से संबंधित 21 मामलों की सुनवाई की गई

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में ,श्री कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी ,नालन्दा द्वारा आज 21 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा किया गया तथा कुछ मामलों में निवारण हेतु संबंधित लोक प्राधिकार के पदाधिकारियों को आवश्यक आदेश दिए गये। परिवादी इन्द्रजीत कुमार द्वारा दर्ज शिकायत पुल निर्माण से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी विश्वकर्मा कुमार द्वारा दर्ज शिकायत मनमानी पूर्वक सरकारी राशि को डायरेक्ट दूसरे के खाते में ट्रांसफर कर गबन करने से संबंधित समस्या को जिला. धिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी प्रवीण कुमार द्वारा दर्ज शिकायत गैर मजरूआ जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया।

परिवादी विमलेश कुमार द्वारा दर्ज शिकायत हल्का कर्मचारी पर कार्रवाई करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी अरविंद प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत इंदिरा आवास से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया।परिवादी सूरज कुमार द्वारा दर्ज शिकायत ग्रामीण आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी रणजीत कुमार द्वारा दर्ज शिकायत गलत तरीके से म्यूटेशन करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवाद नवीन कुमार सिंह द्वारा दर्ज शिकायत मृत्यु के 5 वर्ष बाद जमाबंदी करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी संजीव कुमार द्वारा दर्ज शिकायत खेती करने के लिए तार एवं पोल लगाने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी दिलीप चौधरी द्वारा दर्ज शिकायत सरकारी कार्य योजना में अनियमितता से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी अबू तलहा हसन द्वारा दर्ज शिकायत कब्रिस्तान घेराबंदी करवाने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया । परिवादी रिंकू कुमारी द्वारा दर्ज शिकायत बिजली बिल सुधार से संबंधित समस्या को जिलाधिक. ारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी नवीन कुमार सिंह द्वारा दर्ज शिकायत अंचल अधिकारी, बिहारशरीफ साक्ष्य दें कि नवीन कुमार सिंह की पूरे बिहार में क्या सम्पत्ति है, से संबंधित समस्या को जिला. धिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी राजेश कुमार द्वारा दर्ज शिकायत नाली–गली का पानी गिराने से संबंधित समस्या को जिला. धिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी चमेली देवी द्वारा दर्ज शिकायत टाइटल सूट में पेंडिंग से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी उपेन्द्र प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत अपना जमीन पर कब्जा करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी नवीन कुमार सिंह द्वारा दर्ज शिकायत टी०एस०नं० 27/23 का बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिये जाने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी अभय कुमार द्वारा दर्ज शिकायत सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी पंकज कुमार द्वारा दर्ज शिकायत सड़क के दोनों साइड पेड़ लगाने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी ऋतिक रौशन सिंह द्वारा दर्ज शिकायत खतियान उपलब्ध कराने से संबंधित समस्या को जिला. धिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी सुरेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा दर्ज शिकायत रैयती जमीन पर पी०सी०सी० रोड का निर्माण कराने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी, नालन्दा से जांच रिपोर्ट मांगा गया। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण उपस्थित थे ।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015



# 10 साल में धंसा करोड़ों का पुल! नालंदा में सकरी नदी पर बना ब्रिज बना 'मौत का जाल

## पिलर झुके–लोहे निकले बाहर, प्रशासन ने रास्ता किया बंद

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के बिहारशरीफ–कतरीसराय मुख्य मार्ग पर दरियापुर के पास सकरी नदी पर बना पुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। महज 10 वर्ष पहले बने इस पुल की स्थिति अब बेहद जर्जर हो चुकी है। पुल अचानक धंस गया है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि पुल के फाउंडेशन (नींव) के नीचे से मिट्टी खिसक जाने के कारण कई पिलरों में खतरनाक झुकाव आ गया है। इतना ही नहीं, पुल की कैपिंग से लोहे के छड़ भी बाहर निकल आए हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुल के दोनों छोर पर ईंट की पक्की दीवार खड़ी कर दी है। इसके बाद इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। हालांकि, जान जोखिम में डालकर कुछ बाइक सवार दीवार के ऊपर से अपनी बाइक उठाकर पुल पार करते नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार हाल ही में एनआईटी (छप्ज) और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम की संयुक्त तकनीकी टीम ने पुल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान टीम ने पुल को "बेहद खतरनाक" घोषित करते हुए तत्काल नए पुल के निर्माण की अनुशंसा की है। पुल बंद होने के कारण नालंदा जिले के पूर्वी हिस्से और शेखपुरा जिले के पश्चिमी इलाके का सीधा संपर्क पूरी तरह टूट गया है। दोनों जिलों की सीमा पर बसे दर्जनों गांवों की हजारों की आबादी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



यह मार्ग इलाके के व्यापार और रोजमर्रा के आवागमन की मुख्य कड़ी माना जाता था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुल निर्माण में भारी अनियमितता और घटिया सामग्री के इस्तेमाल के कारण महज 10 साल में ही पुल की यह हालत हो गई। अब लोग प्रशासन से जल्द नए पुल निर्माण और वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।





# नालंदा में पेट्रोल–डीजल और एलपीजी की नहीं है कमी डीएम ने कालाबाजारी पर दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिले में रसोई गैस की कमी और पेट्रोल पंप बंद होने की मिल रही सूचनाओं के बीच कुंदन कुमार ने गुरुवार को सभी तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पेट्रोल–डीजल और एलपीजी की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में नोडल सेल्स ऑफिसर ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ कार्यरत हैं और कहीं भी पेट्रोल–डीजल की कमी नहीं है। तीनों तेल कंपनियों के अधिकारियों ने भी कहा कि खपत के अनुरूप लगातार आपूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी ने सभी कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों को निर्देश दिया कि पेट्रोल–डीजल की मांग को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त स्टॉक पेट्रोल पंपों पर बनाए रखें। साथ ही किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर तत्काल वरीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया। एलपीजी की उप. लब्धता पर जानकारी देते हुए नोडल पदाधिक. ारी ने बताया कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8122 घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि राजगीर में चल रहे वैश्विक मलमास मेला 2026 को देखते हुए होटल, सामुदायिक रसोई एवं अन्य संस्थानों में वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की मांग बढ़ी है। इसे ध्यान में रखते हुए तेल कंपनियों को पर्याप्त संख्या में कमर्शियल सिलेंडर स्टॉक में रखने का निर्देश दिया गया है।बैठक में जिले में चल रही पीएनजी पाइपलाइन परियोजना की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर एवं सिलाव के कई वार्डों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जबकि अन्य क्षेत्रों में कार्य जारी है। न्यू नालंदा विश्वविद्यालय, बिहार पुलिस अकादमी तथा आयुध कारखाना में भी पीएनजी नेटवर्क पूरी तरह स्थापित किया जा चुका है। डीएम ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन का उद्देश्य एलपीजी सिलेंडर पर निर्भरता कम कर सुरक्षित एवं निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करना है। अब तक जिले में 1977 लोगों को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने इंडियन ऑयल–अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड को निर्देश दिया कि आवासीय विद्यालय, महाविद्यालय, छात्रावास, सामुदायिक रसोई एवं आंगनवाड़ी रसोई जैसे संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 06112–233168 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही उन्होंने आम लोगों से अपील की कि यदि कहीं पेट्रोल–डीजल या एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग होता दिखे तो इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दें। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।









# मलमास मेला के अवसर पर राजगीर जू सफारी में पर्यटकों हेतु विशेष सुविधाओं का व्यापक प्रबंध

## श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए राजगीर जू सफारी पूरी तरह तैयार, विशेष बस सेवा एवं सुविधाएँ शुरू

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेला 2026 के अवसर पर राजगीर जू सफारी में आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जू सफारी प्रशासन द्वारा व्यापक एवं सुव्यवस्थित तैयारियों की गई है। भीट प्रबंधन एवं निर्वाध यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जू सफारी के पार्किंग संख्या–05 से जरादेवी तक विशेष फ्री बस सेवा का संचालन प्रारंभ किया गया है। यह सुविधा विशेष रूप से ऑनलाइन टिकट के माध्यम से प्रवेश करने वाले पर्यटकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है, जिससे उनका आगमन एवं भ्रमण अधिक सुगम एवं सुव्यवस्थित हो गया है। पर्यटकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में विभिन्न स्थानों पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वॉटर प्वाइंट्स की स्थ. ापना की गई है। आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल कियोस्क की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पर्यटकों के विश्राम हेतु अतिरिक्त संख्या में युडेन




बेंच स्थापित किए गए हैं, जबकि मार्गदर्शन एवं सूचना की सहज उपलब्धता के लिए स्पष्ट एवं आकर्षक साइनजेल लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त पर्यटकों की सहायता एवं मार्गदर्शन हेतु पर्यटक मित्रों की तैनाती की गई है, जो उन्हें आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान कर रहे हैं। रयच्छता, सुरक्षा एवं समग्र व्यवस्थाओं को सुदृढ मनाए रखने के लिए अतिरिक्त कर्मियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही भीड़ नियंत्रण एवं समुचित प्रबंधन हेतु अतिरिक्त वनमाल एवं बनरक्षियों की विशेष प्रतिनियुक्ति भी की गई है, जिससे सम्पूर्ण परिसर में व्यवस्था सुचारु एवं नियंत्रित बनी रहे। राजगीर जू सफारी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मलमास मेला अवधि के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्ण रूप से क्रियाशील एवं सतत निगरानी में है, ताकि सभी पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित. सुविधाजनक एवं सुखद अनुभय प्राप्त हो सके।

# इसलामपुर में नहर से वृद्ध का शव बरामद, पहचान में जुटी पुलिस

**केशववाणी इसलामपुर (नालंदा)।** इसलामपुर थाना क्षेत्र के बांध रसलपुर गांव स्थित नहर से शुक्रवार को एक वृद्ध का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शव इसलामपुर–केवई ग्रामीण सड़क मार्ग से पूरब स्थित नहर में मिला। मृतक की उम्र करीब 75 वर्ष बताई जा रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक वृद्ध की पहचान नहीं हो सकी थी।मृतक की शिनाख्त नहीं होने के कारण उसकी मौत के कारणों का भी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। इधर पुलिस आसपास के गांवों में लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है। शव मिलने की खबर के बाद क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# चोरी के सात दिन बाद पहुंची डॉग स्वाक्यड की टीम पीटीसी से बगल के गांव आने में लगे सात दिन

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** छबिलापुर थाना क्षेत्र के मोरा गांव में 15 मई की रात में सुधांशु कुमार के घर का ताला तोड़कर चोरी हुई थी। घटना के सात दिन बीत जाने के बाद बिहार पुलिस अकादमी से डॉग स्क्वायड की टीम शुक्रवार को मोरा पहुंची। हालांकि मोरा गांव की बाउंड्री पीटीसी से सटे ही है। सात दिन बीत जाने के बाद भी अब तक इस चोरी की घटना का खुलासा पुलिस क द्वारा नहीं की गयी। ऐसी घटना मोरा गांव में पहले नहीं हुई थी। इससे पूरे गांव में डर का माहौल बना है। पीड़ित सुधांशु कुमार ने बताया कि घटना के तीसरे दिन पुलिस की फोरेंसिंक जांच की टीम आयी थी पर अब तक चोरों के बारे में खुलासा नहीं हो सका है। डॉग स्क्वायड की टीम आने में काफी दिन बीत जाने के कारण पीड़ित परिवार के लोगों ने सामान को भी एकत्रित कर दी। इससे डॉग अपना काम भी नहीं कर पाया। लोगों ने कहा कि डॉग स्क्वायड की टीम काफी देरी से आयी। 15 मई की रात को चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर सारा सामान चुरा लिया था। पीड़ित सुधांशु कुमार उर्फ मंटू ने बताया कि वह अपने पिता किशोरी प्रसाद को इलाज के लिए पटना गये हुए थे। 16 मई को जब वे घर आये तो पाया कि उसके मेन गेट का ताला टूटा है। इसे देखकर उसके होश उड़ गये। अंदर गया तो सभी कमरे, सारे गोदरेज, ट्रंक सभी का ताला टूटा पड़ा था और सारे सामान बिखरे पड़े थे। उसने बताया कि गोदरेज में रखा पांच भर सोना व चांदी के आभूषण, 70 हजार रुपये नगद, कांसा व पीतल के बर्त्तन सहित अन्य सामान चोर उड़ा ले गये। इसकी लिखित सूचना उन्होंने शनिवार को छबिलापुर थाना को दी थी। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह की चोरी की घटना से पूरा गांव स्तब्ध है। अब कैसे कोई अपना घर को छोड़कर बाहर जायेगा। गांव में तो लोग छोड़कर चले जाते थे कि यहां कुछ नहीं होगा। लोगों ने बताया कि इस तरह की चोरी की घटना को अंजाम देने वाला दूर का नहीं होगा।

# बिंद थाना का टॉप–10 कुख्यात अपराधी रोहित केवट गिरफ्तार, कई गंभीर मामलों में था फरार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिंद(नालंदा)।** बिंद थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना क्षेत्र के टॉप–10 कुख्यात वांछित अपराधियों में शामिल रोहित कुमार उर्फ रोहित केवट को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर नालंदा एवं पटना जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट, एससी–एसटी एक्ट, दहेज प्रताड़ना, मारपीट एवं शराबबंदी कानून सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। नालंदा पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 21 मई 2026 की सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिंद थाना कांड संख्या–43/26 एवं कांड संख्या–03/26 का फरार अभियुक्त रोहित कुमार अपने गांव बकरा पहुंचा हुआ है। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिहारशरीफ सदर–1 के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बकरा गांव में छापेमारी कर आरोपी रोहित कुमार (31 वर्ष), पिता सुधीर केवट, निवासी बकरा थाना बिंद, जिला नालंदा को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार रोहित केवट बिंद थाना का टॉप–10 अपराधी है और उसके खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज हैं। आरा. `पी के खिलाफ बिंद, हरनौत एवं बेलछी थाना सहित विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, आर्म्स एक्ट, शराबबंदी कानून, एससी–एसटी एक्ट तथा मारपीट से जुड़े अनेक मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर वर्ष 2014 से लगातार आपराधिक मामले दर्ज होते रहे हैं। वर्ष 2019 में बेलछी थाना क्षेत्र में हत्या एवं हत्या के प्रयास का मामला भी उसके खिलाफ दर्ज किया गया था। इसके अलावा हरनौत थाना में डकैती एवं आपराधिक षड्यंत्र से जुड़े मामलों में भी वह आरोपी रह चुका है।इस कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर–1 के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक प्रदीप किशोर सिन्हा, बिंद थाना अध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद, सहायक अवर निरीक्षक आनंदी रजक, संदेश कुमार, सरोज कुमार एवं रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान युवक के दोनों हाथ कटे

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** श्रमजीवी एक्सप्रेस में चढ़ने की कोशिश में शुक्रवार को एक व्यक्ति का दोनों हाथ कट गया। घायल व्यक्ति की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी दिनेश्वर ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र रामाशीष ठाकुर के रूप में की गयी। लोगों ने बताया कि श्रमजीवी एक्सप्रेस वाशिंग पिट लाइन से निकलकर प्लेटफार्म नंबर 2 पर बैक अवस्था में आ रही थी। इसी दौरान युवक जल्दबाजी में ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास करने लगा। ट्रेन की गति और असंतुलन के कारण उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर पड़ा। देखते ही देखते ट्रेन की चपेट में आने से उसके दोनों हाथ गंभीर रूप से जख्मी होकर कट गए। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना रेलवे कर्मियों एवं आरपीएफ को दी। आरपीएफ के जवानों ने घायल युवक को आनन–फानन में इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। आरपीएफ जमादार उदय कुमार सिंह ने बताया कि युवक का दोनों हाथ की कलाई कट गया है। मलमास मेला को लेकर ट्रेनों में अभी काफी ज्यादा भीड़ चल रहा है। इस कारण लोग चढ़ने के लिए अफरातफरी मचाए रहते हैं। लाख मना करने के बाद भी यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने और उतरने का प्रयास करते हैं।

# प्रेम संबंध का विरोध करने पर छात्रा ने की आत्महत्या शव गायब करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** सोहसराय थाना क्षेत्र के सिंगारहाट मोहल्ले में 17 वर्षीय किशोरी की आत्महत्या के मामले में नालंदा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रेम संबंध का विरोध और लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। नालंदा पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मृतका तन्नु कुमारी (17 वर्ष), पिता शिशुपाल कुमार उर्फ मुरारी कुमार, निवासी सिंगारहाट थाना सोहसराय, एक युवक से प्रेम संबंध को लेकर बातचीत करती थी। इस बात का विरोध उसके पिता शिशुपाल कुमार उर्फ मुरारी कुमार एवं सौतेली मां रून्नी देवी द्वारा किया जाता था। पुलिस के अनुसार दा. `नों द्वारा किशोरी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था तथा आत्महत्या के लिए उकसाया जा रहा था। इससे तंग आकर तन्नु कुमारी ने 20 मई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद आरोप है कि मृतका के पिता, सौतेली मां, मामा रजनीश कुमार एवं नाना महेश प्रसाद द्वारा शव को रात में कहीं अन्यत्र ले जाकर गायब कर दिया गया। इसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा 21 मई को पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने अपने बयान पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों में शिशुपाल कुमार उर्फ मुरारी कुमार, उसकी पत्नी रून्नी देवी तथा महेश प्रसाद शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है। इस कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर–1 के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। टीम में सोहसराय थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश, पुलिस अवर निरीक्षक आलिम अंसारी, सोनु कुमार गुप्ता एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
& OTHER COURSES
आवेदन के लिए संपर्क करें
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहारशरीफ (नालन्दा)

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015